भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
व्यय विभाग

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न संख्या – 3545**

*सोमवार, 15 जुलाई, 2019/24 आषाढ़, 1941 (शक)*

**ओडिशा को विशेष राज्य का दर्जा**

3545. श्री रमेश चन्द्र माझीः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या सरकार का ओडिशा को विशेष राज्य का दर्जा देने और केन्द्र प्रायोजित योजनाओं में उत्तर-पूर्वी और हिमालयी राज्यों की तरह साझेदारी अनुपात को 90:10 करने का कोई विचार है; और

**(ख)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

वित्त राज्य मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): जी, नहीं। ओडिशा राज्य को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने और केन्द्र प्रायोजित स्कीम के लिए उसे पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों के समान 90:10 के अनुपात में शेयरिंग पैटर्न प्रदान किए जाने का कोई प्रस्ताव केन्द्र सरकार के विचाराधीन नहीं है। इसके अतिरिक्त, चौदहवें वित्त आयोग ने अपने मानदण्ड और सिफारिशें निर्धारित करने में विशेष और सामान्य श्रेणी के राज्यों में कोई भेद नहीं किया था।

*****